54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.0 °c अधिकतम 33.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:55, सूर्यास्त - 6:42 | वर्ष : 54/ अंक : 240 | सोमवार, 31 अगस्त 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

एक लक्ष्य हमेशा हासिल करने के लिए नहीं होता, कभी-कभी यह केवल कुछ पाने की दिशा में प्रयास करने के लिए भी होता है।

जो अपना चुनाव हार गये, वो खुद को मुख्यमन्त्री के रूप में चुने जाने की उम्मीद करते हैं : अखिलेश यादव



जो बार-बार हार कर भी प्रधानमन्त्री बनना चाह रहे हैं... उसका क्या.....

# महिला की मौत, ताला लगाकर फरार हुए ससुरालिये

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, एसपी देहात मौके पर पहुंचे; फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

**शाहपुर, 30 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव तावली में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही उसके मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। विवाहिता की संदिग्ध मौत की सूचना मिलने पर थाना शाहपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, ताकि चिकित्सकीय जांच के माध्यम से मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि विवाहिता की मौत सामान्य परिस्थितियों में नहीं हुई है। उन्होंने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। हालांकि, विवाहिता की मौत वास्तव में किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को मामले की गंभीरता से जांच करने और घटनास्थल से मिलने वाले प्रत्येक साक्ष्य को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर विभिन्न पहलुओं की जांच की और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से मिले तथ्यों और साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जा रहा है। पुलिस ससुराल और मायके पक्ष के लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पुलिस अधिकारियों और फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा पुलिस जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। विवाहिता की मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या रहा और मायके पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसका पता जांच पूरी होने तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।





### राहुल गांधी के खिलाफ हल्द्वानी में एफआईआर दर्ज

**हल्द्वानी, 30 अगस्त (एजेंसी)।** कोतवाली में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ बीएनएस 196, 299 और एससी-एसटी एक्ट की धारा 3 (1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज कराने वाले श्रीराम सेना धर्मार्थ सेवा समिति के सदस्य अमित कुमार अनुसूचित जाति के हैं। जवाहर नगर कॉलोनी निवासी अमित का आरोप है कि रामलीला मैदान में 11 अगस्त को हुए साफ-सफाई कार्य को कांग्रेस नेता ने जातिगत रूप दिया और दिल्ली में प्रेस वार्ता के दौरान कार्य को छुआछूत व आपराधिक बताया। अमित कुमार ने जातिगत भावनाएं आहत होने का आरोप लगाया है।

# जिले में स्वाइन फ्लू की जांच आज से शुरू होगी

**▶▶जिला चिकित्सालय में छह बिस्तरों वाला आइसोलेशन वार्ड बनाया ▶▶बुखार के साथ सांस की समस्या पर प्राथमिकता से उपचार ▶▶एच1एन1 का स्ट्रेन बहुत घातक नहीं, स्वास्थ्य विभाग हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार**

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** लखनऊ के बाद हापुड में स्वाइन फ्लू से मौत की खबर के बाद इसे लेकर शासन सर्वोच्च प्राथमिकता से काम ले रहा है। हालांकि जिले के स्वाइन फ्लू के मरीज मेरठ तथा नोएडा में उपचार करा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग की हालत यह है कि शासन के आदेश के बावजूद अभी तक यहां जांच आदि की कोई सुविधा नहीं है। यहां तक कि सैंपल लेने का काम भी शुरू नहीं हो पाया है। अधिकारियों का कहना है कि जिला चिकित्सालय में छह बिस्तरों वाला आईसोलेशन वार्ड बना दिया गया है। दवाओं की कमी नहीं है। मेरठ में जांच में सामने आए स्वाइन फ्लू के मरीजों के कांटेक्ट से संपर्क कर उन्हें प्रीकॉश्नरी डोज देने का काम भी किया गया है। दिल्ली, नोएडा से होते हुए स्वाइन फ्लू जिले में भी प्रवेश कर चुका है। संक्रामक रोगों के प्रभारी डॉ.शमशेर का कहना है कि जनपद के दस लोगों को स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। यह सभी मामले मेरठ में जांच के बाद सामने आए। इनमें दो मामले शहर से भी हैं। यह मामले शहर के जाट कॉलोनी और दूसरा बकरा मार्केट का है। इसके अतिरिक्त सदर ब्लॉक के मखियाली में चार, खतौली में दो, मोरना में एक, बघरा में एक मामला सामने आया है। डॉ.शमशेर का कहना है कि अभी तक एच1एन1 का जो स्ट्रेन है, वह बहुत घातक नहीं है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है। जिला चिकित्सालय में छह बेड का आईसोलेशन वार्ड बनाया गया है। सभी सीएचसी और पीएचसी को इसे लेकर सतर्क किया गया है। शासन के निर्देश पर बुखार के साथ सांस लेने में समस्या के मामलों को अलग से ओपीडी में देखने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में आरटीपीसीआर जांच के लिए मशीनें तो हैं, लेकिन जांच की किट उपलब्ध नहीं हैं। सीएमओ डॉ.सुनील तेवतिया प्रयास कर रहे हैं कि एच1एन1 की जांच के लिए किट उपलब्ध हों ताकि जरूरत पड़ने पर जांच यहीं की जा सके। उन्होंने कहा कि शनिवार के बाद रविवार को अवकाश के चलते कुछ व्यवस्थाएं अभी अधूरी हैं। इन्हें सोमवार से पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही संदिग्ध मामलों के सैंपल लेने की व्यवस्था भी कल से शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी तक यहां मिला इसका वायरस पुरानी प्रकृति का है यह बहुत घातक नहीं है। जिले के जो मामले मेरठ में जांच के दौरान सामने आए थे वे भी दस दिन पुराने हैं। सभी ठीक हैं। एक मरीज नोएडा में भर्ती है, उसके भी आज कल छुट्टी मिल जाने की उम्मीद है।




### हापुड़ में स्वाइन फ्लू से पहली मौत, चार नए केस मिले

**हापुड़/मेरठ, 30 अगस्त (एजेंसी)।** हापुड़ में सवाइन फ्लू संक्रमण से पहली मौत सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। धनौरा गांव निवासी नानक चंद शर्मा की नोएडा के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी जांच रिपोर्ट में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इसके साथ ही जिले में चार अन्य लोगों के भी स्वाइन फ्लू से संक्रमित होने की जानकारी सामने आई है। वहीं मेरठ मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का अलग वार्ड तैयार किया गया है। नानक चंद शर्मा की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने जांच कराई तो रिपोर्ट में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हापुड़ जिले में स्वाइन फ्लू से मौत का यह पहला मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच का दायरा बढ़ा दिया है। चार अन्य मरीजों में भी एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि आरटीपीसीआर जांच के जरिए हुई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटाने में लगी हैं। अधिकारियों ने संबंधित टीमों को सतर्क रहने और संभावित मरीजों की पहचान कर उनकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं हापुड़ में स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारियों की तबीयत खराब होने की सूचना से भी विभागीय स्तर पर चिंता बढ़ी है। हालांकि, उनके **H1N1** संक्रमित होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। विभाग उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# तेज रफ्तार या झपकी ? दुर्घटना देखकर सबकी सांसे अटकी, पांच गम्भीर घायल













**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर स्थित सिसौना एनच-58 पर दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। स्कॉर्पियो गाड़ी के परखच्चे उड़े देखकर लोगों के उड़े होश। हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले स्कॉर्पियो सवार पांच लोग।

मुजफ्फरनगर के छपार थाना क्षेत्र के सिसौना में उस समय दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या एचआर 51 सीआर 5564 सिसौना पुल उतरते समय अनियंत्रित हो गई और सीधा खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों का बताना है कि गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी और गाड़ी इतनी तेजी से अनियंत्रित हुई कि चालक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आमजन का अनुमान है कि या तो चालक को झपकी आई है या फिर उक्त पुल के मोड पर ठीक से गाड़ी को काटने में असफल रहा। बड़ी बात यह है कि गाड़ी के परखच्चे इस तरह से उड़ गए, जैसे घी का कनस्तर पिचक गया हो। लोगों ने गाड़ी के अगले शीशे से घायलों को निकालने में कामयाबी हासिल की। गाड़ी की छत देखकर ही अंदाजा हो रहा है कि किस तरह से छत पूरी तरह दब चुकी है। गनीमत यह रही कि गाड़ी में सवार हरियाणा के पानीपत के रहने वाले पांचों घायल सकुशल बच गए। हालांकि घायलों की हालत देखकर लग रहा था कि इनमें दो की हालत अत्यंत गंभीर है। कोई भी घायल बोलने की स्थिति में नहीं था। दुर्घटना के बाद 108 एम्बूलेंस को तुरन्त मौके पर बुलाया गया और घायलों को तेजी से गाड़ी से निकालकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।



सिसौना के ग्रामीणों व आते-जाते लोगों ने पांचों लोगों को बचाने में मदद की। सोनीपत के रहने वाले घायलों में मोंटी, देवेन्द्र, रोहताश, रोहित, नीर शामिल हैं।

# उत्तर प्रदेश की चर्चित आईएएस दिव्या मित्तल ने इस्तीफा दिया

**लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)।** चर्चित आईएएस दिव्या मित्तल (43) ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। अभी वह लखनऊ में राजस्व विभाग में विशेष सचिव हैं। दिव्या ने मुख्य सचिव एसपी गोयल को इस्तीफा भेज दिया। रविवार सुबह उन्होंने फेसबुक-इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। दिव्या मित्तल का अचानक इस्तीफा ब्यूरोक्रेसी में सुर्खियों में है। इस्तीफा क्यों दिया, यह स्पष्ट नहीं है। चर्चा है कि 4 महीने से वह साइडलाइन थीं। फील्ड पोस्टिंग चाहती थीं। 2013 बैच की दिव्या 13 साल से नौकरी कर रही थीं। अभी उनकी 17 साल की नौकरी बची थी। आईआईटी दिल्ली से बीटेक और आईआईएम बेंगलुरु से एमबीए की डिग्री लेने के बाद लंदन में नौकरी की। लाखों रुपए की नौकरी छोड़कर वह वापस आईं। दो साल में दो बार यूपीएसपी क्लीयर किया। पहली बार में आईएफएस बनीं। फिर अगले साल आईएएस बन गईं। दिव्या के पति गगनदीप सिंह भी 2011 बैच के भारतीय व्यापार सेवा (क्ळर) अफसर हैं। 2022 में वह भी अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। गगनदीप ने अपनी एक कंपनी न्यूरोकैप बनाई है। यह कंपनी देश-विदेश से ट्रेडिंग का काम करती है।



दिव्या मित्तल मिजार्पुर, बस्ती और देवरिया की डीएम रह चुकी हैं। बेहद सख्त छवि की मानी जाती हैं। अफसरों को मौके पर ही फटकार लगा देती थीं। 4 महीने पहले ही देवरिया से उनका ट्रांसफर लखनऊ हुआ था। दिव्या मित्तल और उनके पति गगनदीप सिंह लंदन में लाखों के पैकेज की नौकरी छोड़कर भारत आए थे। उनकी दो बेटियां हैं- अद्विका और अव्याना। युवा आईएएस के लिए शासन में विशेष सचिव, राजस्व का पद बहुत हल्का और साइडलाइन माना जाता है। दिव्या को फील्ड में काम करना पसंद था। चर्चा है कि वह नाराज थीं। दिव्या के पति गगनदीप ने नौकरी छोड़ने के बाद बिजनेस शुरू किया था। दिव्या पति के साथ बिजनेस में जा सकती हैं। चर्चा ये भी है कि दोनों पति-पत्नी लखनऊ में आईएएस तैयारी की कोचिंग शुरू कर सकते हैं। दिव्या ने वढरउ की तैयारी को लेकर एक किताब भी हाल ही में लांच की है। यूपी में अगले साल चुनाव है। मिजार्पुर डीएम रहने के दौरान वह बहुत पॉपुलर रहीं हैं। चर्चा है कि वह मिजार्पुर से राजनीति में उतर सकती हैं। एक राष्ट्रीय पार्टी से उनकी इसे लेकर बातचीत हुई है।

### पिता ने पांच साल के बच्चे को मार डाला : नोएडा में बाप ने बेटे के मुंह पर मारा मुक्का, तड़प-तड़पकर तोड़ा दम

**नोएडा, 30 अगस्त (एजेंसी)।** थाना फेस-3 क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने ही पांच साल के मासूम बेटे की मुक्का मारकर जान ले ली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को डॉयल-112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने अपने बेटे को मुक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना फेस-3 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर मृतक बच्चे की मां ने रोते हुए बताया कि उसके पति विकास ने अपने पांच वर्षीय बेटे को जोरदार मुक्का मार दिया था। मुक्का लगने से बच्चा बेसुध हो गया। बदहवास मां तुरंत बच्चे को लेकर पास के अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिता की पहचान विकास (पुत्र जय बेसन) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर स्थित बड़ा बम्हौरा का रहने वाला है।

# पुरानी रंजिश के समझौते के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**▶▶कई राउंड फायरिंग से फैली सनसनी, मचा हड़कंप**

**भोपा, 30 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सिताबपुरी में बीते वर्ष शादी के दौरान हुए एक विवाद की रंजिश को लेकर समझौते के दौरान दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग होने से हड़-कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट में घायल दो युवकों का उपचार कराकर दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर के मजरे महाराजनगर निवासी युवक मोहित पुत्र राजेश ने बताया कि बीते वर्ष जनपद हरिद्वार में आयोजित शादी समारोह में मोहित निवासी मंडावर (बिजनोर) और भोपा थानाक्षेत्र के गांव सिताबपुरी निवासी शिवम व कार्तिक और जीवन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रविवार की दोपहर विवाद निपटाने को लेकर शिवम व कार्तिक तथा जीवन ने मोहित निवासी मंडावर व मोहित और नीरज निवासी महाराजनगर तथा शशांक निवासी बजरीवाला कनखल हरिद्वार को फैसले के नाम पर अपने घर सिताबपुरी में बुलाया था। आरोप है कि जैसे ही एक पक्ष के युवक वहां पहुंचे तभी दूसरे पक्ष के व्यक्तियों ने पथराव करते हुए फायरिंग शुरू कर दी और मोहित व शशांक को पकड़कर मारपीट करते हुए कमरे में बंद कर दिया गया, जिसके बाद भोपा पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों शशांक और मोहित का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा में उपचार कराया। घटना के बाद एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक क्षेत्राधिकारी लक्ष्मण वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से अक्षय संजय महादिक ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सिताबपुरी में दो पक्षों में मारपीट तथा फायरिंग का मामला प्रकाश में आया है। चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। जांच के उपरांत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।







### 'वन नेशन, वन टाइम' की पहल: देशभर में अब एक ही समय मानक होगा 'इंडियन स्टैंडर्ड टाइम', सरकार ने जारी किए नए नियम

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने देशभर में भारतीय मानक समय (आईएसटी) को आधिकारिक समय के तौर पर अनिवार्य करने के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। इसके तहत अगले साल मार्च से कानूनी, प्रशासनिक, कारोबारी, डिजिटल और अन्य आधिकारिक कामों में आईएसटी को ही समय के मानक के तौर पर इस्तेमाल करना होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 27 अगस्त 2026 को लीगल मेट्रोलॉजी (इंडियन स्टैंडर्ड टाइम) रूल्स, 2026 को अधिसूचित किया। ये नियम गजट में प्रकाशित होने के 180 दिन बाद लागू होंगे, यानी मार्च 2027 के आसपास से इनका पालन अनिवार्य हो जाएगा। नियमों के मुताबिक, जब तक सरकार की ओर से किसी खास मामले में छूट नहीं दी जाती, सभी कानूनी, प्रशासनिक और आधिकारिक दस्तावेजों में समय के संदर्भ के लिए आईएसटी का इस्तेमाल करना होगा। सरकार के मुताबिक, इन नियमों का मकसद देशभर में समय के इस्तेमाल में एकरूपता लाना और अलग-अलग समय संदर्भों के कारण होने वाले भ्रम को दूर करना है। सरकारी विभागों, कंपनियों और अन्य संस्थानों को इस दौरान अपने सिस्टम और प्रक्रियाओं में जरूरी बदलाव करने होंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत जुर्माना लगाया जा सकता है।

# प्रेमी युगल ने खाई साथ मरने की कसम, प्रेमिका ने निगला कीटनाशक, उसकी हालत देखकर भाग गया युवक

**बागपत, 30 अगस्त (एजेंसी)।** खट्टा प्रह्लादपुर के ईंट भट्ठे पर प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ मरने की कसम खाई और प्रेमिका ने कीटनाशक निगल लिया। प्रेमिका की हालत खराब होती देखकर प्रेमी ने कीटनाशक को फेंक दिया और वहां से भाग गया। युवती ने परिजनों को पूरी घटना के बारे में बताया। इस पर परिजनों ने उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया। चिकित्सकों ने उसे वहां से मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया। रविवार तक इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर जांच की जाएगी।

मेरठ जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह पिछले एक साल से परिवार के साथ ईंट भट्ठे पर रहकर ईंट निकासी का काम करता है। आरोप लगाया कि ईंट भट्ठे पर ही रहने वाले बड़ौत के एक गांव निवासी युवक ने उसकी नाबालिग बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शुक्रवार को अपने परिवार के साथ काम पर गया हुआ था, तभी युवक कीटनाशक लेकर आ गया। युवक ने उसकी बेटी से कहा कि परिवार वाले उनके रिश्ते से नाराज हैं और शादी भी नहीं होने देंगे। ऐसे जीने से क्या फायदा, अब एक साथ जान दे देते हैं। इसके बाद दोनों ने साथ में मरने की कसम भी खाई। बताया कि रात के समय उसकी बेटी ने कीटनाशक निगल लिया, लेकिन युवती की हालत देखकर युवक डर गया। उसने कीटनाशक फेंक दिया। युवती की तबीयत बिगड़ने पर युवक वहां से भाग गया। पिता के वापस आने पर उसकी बेटी तड़पती हुई मिली। पूछताछ करने पर बेटी ने कीटनाशक निगलने के बारे में बताया। इसके बाद अपनी बेटी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा तो चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया। बेटी की हालत में सुधार होने पर पुलिस से शिकायत करेगा। जिला अस्पताल में लाई गई प्रेमिका ने बताया कि शुक्रवार रात उसके प्रेमी ने कीटनाशक की शीशी देते हुए कहा कि पहले तुम पियो, बाद में मैं इसे पीकर जान दे दूंगा। प्रेमी के कहते ही उसने कीटनाशक निगल लिया लेकिन प्रेमी ने कीटनाशक की शीशी जमीन पर फेंक दी।




### आर्य समाज रोड पर नशे में ई-रिक्शा चालक ने चलती कार में मारी टक्कर, खुद हुआ घायल

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** शनिवार देर रात आर्य समाज रोड पर शराब के नशे में कथित तौर पर लहराते हुए ई-रिक्शा चला रहे चालक ने एक चलती कार में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक खुद चोटिल हो गया, जबकि कार को भी काफी नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार, खालापार निवासी नौशाद ई-रिक्शा लेकर आर्य समाज रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान कथित रूप से शराब के नशे में होने के कारण ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर चलती कार से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा चालक नौशाद घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक ने मानवीयता का परिचय देते हुए घायल ई-रिक्शा चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में कार को काफी नुकसान होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि फिलहाल घायल नौशाद के परिजन जिला अस्पताल पहुंचकर उसका उपचार करा रहे हैं। सबसे अहम बात यह रही कि हादसे में कार चालक का आर्थिक नुकसान होने के बावजूद उसने घायल ई-रिक्शा चालक को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।






# मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान

## पीएम कों मिला 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान, दोनों देशों के बीच यूरेनियम सप्लाई पर बातचीत

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** उज्बेकिस्तान के दौरे पर गए पीएम मोदी को रविवार को राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने अपने देश के सर्वोच्च राज्य सम्मान 'ओली दाराजली दोस्लिक' से सम्मानित किया। उज्बेक भाषा के इस शब्द का मतलब है- उच्च स्तरीय मित्रता। यह पीएम मोदी को मिला 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। मोदी-शावकत के बीच ताशकंद में द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में भारत-उज्बेकिस्तान के बीच यूरेनियम सप्लाई पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने 2030 तक सालाना द्विपक्षीय व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अभी दोनों देशों के बीच व्यापार 1 अरब डॉलर से ज्यादा है। बैठक के बाद पीएम ने मीडिया को संबोधन किया। मोदी ने कहा कि दोनों देश रक्षा क्षेत्र में सीधा सहयोग, मिलकर हथियारों का उत्पादन और नई तकनीक विकसित करेंगे। आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को दोनों देश क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा मानते हैं। इन खतरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखने पर दोनों की सहमति है। भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्तों की मजबूत नींव साझी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत है।



